# मंडल कार्यालय आदेश - 35/2024

पत्र सं.849-W/10/Safety/2023/M-1/ X

दिनांक -24.10.2024

समस्त मुख्य लोको निरीक्षक
एवं मुख्य क्र्यू नियन्त्रक
जोधपुर एंव मेडता रोड
समस्त लोको पायलट ,लोको पायलट शंटर एवम् सहायक लोको पायलट

**विषयः- चालक दल द्वारा इंजन की सीटी बजाना G&SR 4.50**

(1) विशेष अनुदेशों के अधीन के सिवाय, लोको पायलट सदा नीचे लिखी परिस्थितियों में, सीटी के लिए निर्धारित कोड के अनुसार इंजन की सीटी बजाएगा, अर्थात: -
(क) इंजन को चलाने से पहले,
(ख) सुरंग में प्रवेश करते समय, तथा
(ग) ऐसे अन्य अवसरों और स्थानों पर जो विशेष अनुदेशों द्वारा निर्धारित किए जाएं।

(2) इंजन का सीटी कोड विशेष अनुदेशों द्वारा निर्धारित किया जायेगा | स.नि.4.50 चालकों द्वारा इस्तेमाल किये जाने वाले इंजन की सीटियो के कूट निम्न प्रकार से है -

| क्र.स. | इंजन सीटी कोड | सूचना |
|---|---|---|
| 1. | 0 | **(क) प्रस्थान करने से पहले-**<br>(i) सहायक / बैंकिंग इजन के लोको पायलट को यह संकेत कि सबसे अगले इंजन का लोको पायलट प्रस्थान के लिए तैयार<br>(ii) सहायक / बैंकिंग इजन के लोको पायलट द्वारा सबसे अगले इंजन की स्वीकृति।<br>(iii) इजन लोको यार्ड से जाने के लिए तैयार है या लोको कार्य पूरा कर लेने के बाद।<br>(v) इजन लोको यार्ड में जाने के लिए तैयार है।<br>**(ख) चलने पर-**<br>(i) दूसरे इंजन की सहायता अपेक्षित नहीं है।<br>(ii) सहायक / बैंकिंग इजन के लोको पायलट की पावती, कि सहायता बन्द कर दी गई। |
| 2. | 00 | (क) ट्रेन मैनेजर से संकेत (सिगनल) मांगना।<br>(ख) ट्रेन मैनेजर द्वारा सिगनल का आदान-प्रदान नहीं किया गया।<br>(ग) स्टेशन कर्मचारियों द्वारा संकेतों का आदान-प्रदान नहीं किया गया। |
| 3. | -0 | (क) ट्रेन मैनेजर ब्रेक रिलीज करे।<br>(ख) स्टेशन / सेक्शन के बीच से इजन या गाड़ी के चलने से पहले।<br>(ग) साइडिंग में बैंक करने के बाद मेन लाइन साफ है। |
| 4. | 000 | (क) ट्रेन मैनेजर ब्रेक लगाए।<br>(ख) गाडी नियंत्रण में नहीं है ट्रेन मैनेजर सहायता करे। |
| 5. | 0000 | (क) दुर्घटना विफलता, अवरोध या किसी अन्य विशेष कारणवश गाड़ी आगे नहीं बढ़ सकती है।<br>(ख) गाड़ी का पीछे से बचाव करें। |
| 6. | 00000 | लोको पायलट एवं ट्रेन मैमंजर द्वारा ब्रेक निरन्तरता की जाँच |
| 7. | --00 | ट्रेन मैनेजर को इंजन पर आने का बुलावा। |
| 8. | 0-0 | (क) टोकन प्राप्त नहीं हुआ।<br>(ख) टोकन रह गया।<br>(ग) गलत प्रस्थान प्राधिकार के साथ।<br>(घ) उपयुक्त प्राधिकार पर ऑन स्थिति में रोक सिगनल पार करते हुए। |

| | | |
|---|---|---|
| 9. | — | (क) चलने से पहले घाट सेक्शन पर वैक्यूम पुनः तैयार हो गया है वुडन वैज हटाए।<br>(ख) आटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग क्षेत्र में स्वचल रोक सिगनल या परमीसिव रोक सिगनल को ऑन स्थिति में पार करते हुए।<br>(ग) किसी मध्यवर्ती ब्लाक रोक सिगनलों को ऑन स्थिति में पार करते हुए जब सिगनल पोस्ट सिगनल पर लगा हुआ टेलीफोन खराब हो गया है और लोको पायलट पिछले स्टेशन के सत्थ सम्पर्क स्थापित करने में असमर्थ हो।<br>(घ) चलते हुए ट्रेन मैनेजर के संकेत (सिगनल) की अभिस्वीकृति। |
| 10.(i) | ------<br>(सविराम) | समपार पर पहुँचते समय |
| 10.(ii) | ——<br>लम्बी लगातार | (क) सुंरग अथवा वह क्षेत्र जहाँ दृश्यता साफ न हो अथवा मोड़ों अथवा कटिंग अथवा दुर्घटना स्थल अथवा धुन्ध, कोहरे या अन्य कारण होने पर सिगनल दिखाई देने में रुकावट हो।<br>(ख) पीछे से गाड़ी का बचाव कर रहे रेल कर्मचारी को वापिस बुलाने के लिए।<br>(ग) मेटीरियल गाड़ी जाने को तैयार है।<br>(घ) स्टेशन पर बिना रुके (रन थ्रू) जाते हुए।<br>(ड.) 'ऑन' स्थिति में रोक सिगनल पर पहुंचते हुए।<br>(च) रोक सिगनल पर रोके जाने पर। |
| 11. | -0-0 | (क) गाड़ी विभक्त (ट्रेन पार्टिंग) होने पर।<br>(ख) अधूरी गाड़ी पहुंचने पर। |
| 12. | 00- | (क) अलार्म जंजीर खींची गई है।<br>(ख) इंजन में वैक्यूम / एयर प्रेशर अपर्याप्त है।<br>(ग) ट्रेन मैनेजर ने वैक्यूम / एयर ब्रेक लगाया है।<br>(घ) अन्तर संचार उपस्कर का प्रयोग किया गया। |
| 13. | — — | पैंटोग्राफ उठाएं, दूसरे इंजन के द्वारा पावती दी जाएगी। |
| 14. | -0- | पैंटाग्राफ नीचे करें, दूसरे इंजन द्वारा पावती दी जाएगी। |
| 15. | - 00 | (क) सिगनल की भुजा झुकी हुई है किन्तु बत्ती बुझी हुई है।<br>(ख) सिगनल की भुजा अनुपयुक्त रूप से/अपर्याप्त 'ऑफ' की गई है।<br>(ग) खराब सिगनल । |
| 16. | — — — | उल्लघंन चिन्ह साफ नहीं किया गया। |
| 17. | 00000000<br>(बार -बार) | (क) खतरे की आशंका।<br>(ख) आने वाली जिस गाड़ी का पथ जाम है या किसी कारणवश अवरूद्ध है, उसके लोको पायलट को खतरा सिगनल।<br>(ख) इकहरी लाइन खण्ड पर संचार व्यवस्था के पूर्णतः विफल हो जाने पर या जब दोहरी लाइन खण्ड पर इकहरी लाइन कार्य प्रणाली के अन्तर्गत गाड़ी चलायी जा रही हो।<br>(ग) दोहरी लाइन पर गलत दिशा में या ऑटोमेटिक ब्लाक संकेतन क्षेत्र में जिस दिशा के लिए संकेत दिया गया हो उसके विपरीत या इकहरी लाइन पर ऑटोमेटिक ब्लॉक पद्धति में निर्धारित दिशा के विपरीत दिशा में चलते हुए। |

**नोट** - (1) उपरोक्त "0" द्वारा दर्शाए गये संकेत छोटी सीटी तथा "    " द्वारा दर्शाए गये संकेत लम्बी सीटी के द्योतक है |

(2) अत्यधिक और व्यर्थ सीटी बजाना मना है बहुत लम्बी सीटीयों का बजाना सर्वथा वर्जित है | खास स्टेशन और साइडिंगो आदि के लिए इंजन सीटीयों के विशेष कोड स्टेशन संचालन नियमो में निर्दिष्ट किये गये है |

73/2

**स.नि. 4.51 - लोको पायलट और ट्रेन मेनेजर के बीच घंटी संकेत - जब गाड़ी के लोको पायलट और ट्रेन मेनेजर के बीच घंटी संचार की व्यवस्था है तो विशेष अनुदेशों द्वारा निर्धारित घंटी संकेत कोड का प्रयोग किया जाएगा।**

स.नि. 4.51 वन्दे भारत ट्रेन मेनेजर एवं लोको पायलट के बीच उपयोग के लिए घंटी संकेत कोड इस प्रकार से है -

| **क्र.स.** | **घंटी संकेत कोड** | **इंडिकेशन** | **पावती** |
|---|---|---|---|
| 1. | 0 | गाडी को रोकना | 0 |
| 2. | 00 | गाडी को चलाना | 00 |
| 3. | 00 विराम 00 | ऑटोमेटिक सिगनल को ऑन स्थिति में पार करना | 00 विराम 00 |
| 4. | 0000 विराम 00 | लोको पायलट को सिगनल को खतरे की स्थिति में पार करने के लिए प्राधिकार मिल चुका है | 0000 विराम 00 बाद में गाडी चलने का कोड |
| 5. | 000 | लोको पायलट को ट्रेन मैनेजर की जरूरत | 000 |
| 6. | 0000 | पीछे से गाड़ी का बचाव करें | 0000 |
| 7. | 0 विराम 0 | गति प्रतिबन्ध का क्षेत्र पूरा हो चुका, निर्धारित गति पर चलें | 0 विराम 0 |
| 8. | 000 विराम 000 | ट्रेन मैनेजर की चेतावनी जब लोको पायलट निर्धारित गति से अधिक चल रहा हो | 000 विराम 000 |
| 9. | 00 विराम 00 विराम 00 | लोको पायलट को ब्रेक लगाने के लिए ट्रेन मैनेजर की सहायता की जरूरत है। | 00 विराम 00 विराम 00 |

सभी मुख्य लोको निरीक्षको को निर्देश दिया जाता है कि अपने नामित व अन्य रनिंग स्टाफ को ट्रेन संचालन के दौरान सही सीटी कोड उपयोग में लेने के बारे में काउंसलिंग करे तथा फुटप्लेट व अम्बुश के दौरान इसकी जाँच करे सभी नामित को काउंसलिंग कर दिनांक 15.11.24 को इसकी रिपोर्ट निम्न प्रफोर्मा में मंडल कार्यालय में जमा करे।

| क्र.स. | कुल नामित स्टाफ | काउंसलिंग किये गये स्टाफ | बाकि रहे स्टाफ का नाम व कारण | अनियमतता | की गयी कार्यवाही |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

वरी, मंडल यांत्रिक इंजी. (Enhm&P)
उ.प. रेलवे, जोधपुर

प्रतिलिपि
मंडल रेल प्रबन्धक, सादर सूचनार्थ
अपर मंडल रेल प्रबन्धक (परि.), सादर सूचनार्थ
वरी. मंडल संरक्षा अधिकारी, सादर सूचनार्थ
स.म.या.इंजी.(शक्ति), सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु